राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र पुणे द्वारा कृषि-व्यवसाय विकास के लिए दो समझौता ज्ञापन

दिनांक १, दिसंबर २०२३ को भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र पुणे में समझौत ज्ञापन पर हस्ताक्षर हेतु एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ अजय कुमार शर्मा, प्रमुख अन्वेषक, एबीआई के द्वारा सभी के स्वागत से प्रारंभ हुआ। केंद्र के निदेशक डॉ कौशिक बनर्जी ने एबीआई द्वारा किए जा रहे हे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा कृषि व्यवसाय से संभधित विभीन्न गतिविधियों में इस एबीआई द्वारा दिये जा रहे हे महत्वपूर्ण सहयोग की सराहना भी की। राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे में एग्री बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर (एबीआई द्राक्षा) द्वारा दो कंपनियों के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। एबीआई केंद्र अंगूर उत्पादन और संबंधित प्रसंस्करण उद्योगों के लिए नए उद्यमियों को तकनीकी सहायता प्रदान करता है। इससे पहले भी कुल सोलह समझौतों पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। 'एबीआई' के प्रमुख डॉ. अजय कुमार शर्मा ने दोनों कंपनियों के बारे में जानकारी दी और भावी लक्ष्य प्रस्तुत किये।

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की राष्ट्रीय कृषि नवाचार निधि (एनएआईएफ) योजना के तहत मांजरी (जिला पुणे) में राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र (एनआरसी ग्रेप्स) में जनवरी २०२० से कृषि व्यवसाय नवाचार केंद्र (एबीआई द्राक्षा) शुरू किया गया है। इस केंद्र के माध्यम से कृषि आधारित उद्योग के लिए पूरक वातावरण तैयार करना, स्टार्ट-अप गतिविधियों का समर्थन करना, किसान उत्पादक संगठन या कंपनी स्थापित करने में मदद करना जैसी गतिविधियां की जाती है। नवीन कृषि व्यवसाय के निर्माण के संबंध में कृषि स्नातकों, ग्रामीण नवोदित युवा किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए बातचीत सत्र, बैठकें आयोजित की जाती हैं। शुक्रवार (१ दिसंबर) को इस केंद्र के अंतर्गत आने वाले दो उद्योगों के साथ तकनीकी मार्गदर्शन के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

नेरुल से "राजयोग एग्रो" की प्रमुख रिद्धि राणे के साथ थिनिंग किये जाने वाले कच्चे अंगूरों से 'वरजूस' बनाने के लिए एक समझौता किया गया, साथहीमे "मे. वन स्टॉप डिजिटल एग्रीसोल्यूशन प्रा. ली." के प्रमुख डॉ प्रतापसिंह चव्हाण के साथ कृषि सलाह पर एक समझौता किया गया। इस समझौते पर दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ कौशिक बनर्जी द्वारा हस्ताक्षरित किया गया। इस कार्यक्रम का परिचय एबीआई सेंटर के प्रमुख डॉ अजय कुमार शर्मा ने किया और एबीआई सेंटर के बारे में जानकारी भी दी. 'एनआरसी' के निदेशक डॉ कौशिक बनर्जी ने समारोह की अध्यक्षता निभाई और डॉ शब्बीर टी. पी. उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। इस समय डॉ अजय कुमार उपाध्याय, डॉ राजीव काले, श्री शंतनु जगताप, श्री हेमंत सस्ते एवं डॉ गणेश जाधव आदि. विशेषज्ञ उपस्थित थे।

ICAR
NRCG
ABI DRAKSHA
एबीआई-द्राक्षा (कृषि व्यवसाय उद्भवन केंद्र)
भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र मांजरी फार्म, सोलापूर रोड, पुणे- 412307
समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर समारोह 8.0
एबीआई-द्राक्षा (कृषि व्यवसाय उद्भवन केंद्र)
भाकृअनुप-राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे
तथा
1. राजयोग ऍग्रो.
कुमारी रिध्दी राणे
2. वन स्टॉप डिजिटल ॲग्रीसोल्यूशन्स प्रा. लिमिटेड.
डॉ. प्रतापसिंह चव्हाण
दिनांक: 1
2023
डॉ. कौशिक बॅनर्जी
निदेशक, रा.अं.अनु.के., पुणे
डॉ. प्रतापसिंह चव्हाण

ICAR
NRCG
ABI DRAKSHA
एबीआई-द्राक्षा (कृषि व्यवसाय उद्भवन केंद्र)
डॉ. अ.कृ. शर्मा
डॉ. कौशिक बॅनर्जी
निदेशक, रा.अं.अनु.के., पुणे
कुमारी रिद्धी राणे